# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 16 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26 का आयोजन 17 और 18 अक्टूबर को कहां किया जाएगा?

**(A) उदयपुर**
(B) जयपुर
(C) अजमेर
(D) इनमें से कोई नही

*वाटर स्पोर्ट्स में महिला भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26 का आयोजन 17 और 18 अक्टूबर को उदयपुर के फतहसागर स्थित क्षेत्रीय कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र पर किया जाएगा।*

*केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय कयाकिंग-कैनोइंग संघ के साझे में इस प्रतियोगिता में कयाक और कैनोइंग की विभिन्न श्रेणियों- 1, 2 और 4 की रेसें होंगी।*

*ये 200 मीटर, 500 मीटर और 1000 मीटर वर्ग में होंगी।*

**Yesterday Revision**

⭕. एशिया इको टूरिज्म नेटवर्क के द्वारा आयोजित ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर कार्यक्रम में राधेश्याम विश्नोई को किस क्षेत्र में योगदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया गया?-वन्यजीव संरक्षण

⭕. हाल ही में उदयपुर में 2 दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कब हुई?-14 -15 अक्टूबर 2025

⭕. हाल ही में राजस्थान सरकार ने किस योजना के तहत एक नई पहल के रूप में "गिव अप" अभियान की शुरुआत की है?-सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

⭕.  आयरनमैन स्पेन-2025 चैलेंज कॉन्टेस्ट' में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जयपुर के किस खिलाड़ी ने प्रतियोगिता पूरी कर सफलता हासिल की?-अभिन लुहाड़िया

⭕. लखनऊ में आयोजित होने वाली 19वीं डायमंड जुबली अंतरराष्ट्रीय जंबूरी में जोधपुर से किन दो रेंजरों का चयन हुआ है?-ललिता और खुशबू

01. राजस्थान में भारी मात्रा में पाए जाने वाले किस खनिज को केंद्र सरकार ने अब मेजर मिनरल घोषित कर दिया है?

(A) लाइमस्टोन

(B) बेराइट

(C) यूरेनियम

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार ने खनन क्षेत्र से जुड़ा बड़ा निर्णय लेते हुए लाइमस्टोन (चूना पत्थर) को अब मेजर मिनरल घोषित कर दिया है। केंद्रीय खान मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह नया वर्गीकरण 10 अक्टूबर 2025 से लागू माना जाएगा।
- अब तक 1958 से बिल्डिंग मटेरियल के लिए लाइम बनाने में उपयोग होने वाला लाइमस्टोन माइनर मिनरल की श्रेणी में था
- देश में चूना पत्थर उत्पादन में राजस्थान का कोई मुकाबला नहीं। राज्य में करीब 2.5 अरब टन से अधिक का भंडार है, जो भारत के कुल प्रमाणित संसाधनों का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा है।
- जैसलमेर जिले में विशाल भंडार खोजे गए हैं, जबकि नागौर जिले के खिनवसर क्षेत्र में 163.77 मिलियन टन का नया भंडार मिला है।

02. डॉ. रूमा देवी किस कला की कलाकार है जिनको अमेरिका के न्यूयॉर्क में "दिवाली एट टाइम्स स्क्वायर अवॉर्ड" और लोंग आइलैंड बीच पर "नारी शक्ति पुरस्कार" से सम्मानित किया गया?

(A) हस्तकला

(B) नृत्य कला

(C) थेवा कला

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के बाड़मेर की डॉ. रूमा देवी को अमेरिका के न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित "दिवाली एट टाइम्स स्क्वायर अवॉर्ड" और लोंग आइलैंड बीच पर "नारी शक्ति पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान उन्हें उनके समाजसेवा और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।
- रूमा देवी बाड़मेर, राजस्थान में एक समाज सेविका व भारतीय पारंपरिक हस्तकला कारीगर है। रूमा देवी को भारत में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान "नारी शक्ति पुरस्कार 2019" से सम्मानित किया गया था

03. राजस्थान के किस जिले में 450 फुट ऊंचे गिरिराज पर्वत पर 111 फुट की हनुमान जी की प्रतिमा बनाई जाएगी?

(A) सिरोही

(B) डीडवाना

(C) राजसमंद

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा स्थित 450 फुट ऊंचे गिरिराज पर्वत पर 111 फुट की हनुमान जी की प्रतिमा बनाई जाएगी। प्रतिमा मानेसर में तैयार होकर वहां लगाई जाएगी।
- नाथद्वारा में ही स्टैचू ऑफ बिलीफ 369 फुट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा भी स्थित है। इस प्रतिमा को मातूराम आर्ट सेंटर की ओर से तैयार किया गया था।
- 200 टन वजनी इस प्रतिमा को भूकंप रोधी मटेरियल से तैयार किया जाएगा। इस मटेरियल की जांच कनाडा की लैब से कराई गई है।

04. सीमा सुरक्षा बल द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले गोल्फर्स टूर्नामेंट का आयोजन बीएसएफ कैंप बीकानेर में स्थित गोल्फ ग्राउंड में कब किया जा रहा है?

(A) 16-17 अक्टूबर 2025

(B) 1-15 नवंबर 2025

(C) 18-30 अक्टूबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- सीमा सुरक्षा बल द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले गोल्फर्स टूर्नामेंट का आयोजन इस बार 16 और 17 अक्टूबर को बीएसएफ कैंप बीकानेर में स्थित गोल्फ ग्राउंड में किया जा रहा है।
- इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बीएसएफ के सभी मुख्यालयों एवं फ्रंटियर से लगभग 70 गोल्फर्स बीकानेर पहुंच चुके है।
- इसके अलावा बीएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें भाग ले रहे है। इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बीएसएफ कैंप बीकानेर में स्थित गोल्फ ग्राउंड पूरी तरह से तैयार किया जा चुका है।

05. हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में राजस्थान की किस टीम ने गोल्डन ट्रॉफी अपने नाम की है?

(A) राजपूताना रॉयल्स

(B) राजस्थान रॉयल्स

(C) राजपूताना टाइगर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- दुनिया की पहली आर्चरी प्रीमियर लीग दिल्ली में आयोजित हुई। 2 से 12 अक्टूबर तक आयोजित इस लीग में राजपूताना रॉयल्स राजस्थान की टीम चैंम्पियन बनी।
- खास बात यह है कि इस टीम में राजस्थान से सिर्फ एक खिलाड़ी स्वाति दूधवाल शामिल थीं।
- दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का फाइनल राजपुताना रॉयल्स और पृथ्वीराज योद्धा के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। रॉयल्स ने शानदार शूट-ऑफ में खिताब अपने नाम किया।

**06. हाल ही में वैश्विक शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन 10 से 13 अक्टूबर 2025 तक कहां आयोजित हुआ?**

(A) पोकरण, जैसलमेर

(B) आमेर, जयपुर

(C) आबू रोड, सिरोही

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ वैश्विक शिखर सम्मेलन 2025 – एकता और विश्वास का संदेश

📅 तारीख – 10 से 13 अक्टूबर 2025

📍 स्थान – ब्रह्माकुमारीज़ शांतिवन, आबू रोड (सिरोही)

🏛 आयोजक स्थल – प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय, शांतिवन

🏅 विशेष उल्लेख –

✨ उद्घाटन सत्र में ‘ पत्रिका समूह’ के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी को ‘राष्ट्र चेतना पुरस्कार’ से सम्मानित किया गया।

07. राजस्थान में 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना में विद्युत उपभोक्ताओं के पंजीयन के लिए विकसित पोर्टल का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया?



(A) अमित शाह

(B) नरेंद्र मोदी

(C) जेपी नड्डा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना में विद्युत उपभोक्ताओं के पंजीयन के लिए विकसित पोर्टल का 13 अक्टूबर को जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शुभारंभ किया।
- राजस्थान डिस्कॉम्स ने यह पोर्टल विकसित किया है
- प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में यह योजना मुख्यमंत्री की अनूठी पहल है।
- इस घोषणा की क्रियान्विति के प्रथम चरण में मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता वेबपोर्टल Bijli Mitra के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।
- वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ लीवरेज करते हुए 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली महत्वपूर्ण घोषणा की थी।

08. हाल ही में जल संचय – जन भागीदारी – जन आंदोलन कार्यक्रम कहां आयोजित हुआ?

(A) झुंझुनूं

(B) अलवर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में जल संचय – जन भागीदारी – जन आंदोलन कार्यक्रम:-11 अक्टूबर 2025

📍 स्थान –मंडेला, झुंझुनूं (राजस्थान)

👨‍💼 मुख्य अतिथि – मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

⭕ विशिष्ट अतिथि – केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल

🌍 कार्यक्रम का उद्देश्य –

⭕ जल संचय एवं जल आत्मनिर्भरता को जन आंदोलन के रूप में विकसित करना

⭕ समुदाय आधारित जल संरक्षण को प्रोत्साहित कर लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना जगाना

🌾 यह कार्यक्रम राजस्थान की जल संस्कृति, लोक भागीदारी और सतत विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है।

**09. भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर (FLFPR) वर्ष 2023-24 में बढ़कर लगभग कितने प्रतिशत हो गई है?**

(A) 34%

(B) 56%

(C) 42%

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत में महिला कार्यबल की भागीदारी 2023-24 में बढ़कर 42% हो जाएगी
- भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर (FLFPR) 2017-18 में 23% से बढ़कर 2023-24 में लगभग 42% हो गई है, जो लैंगिक समावेशन और आर्थिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक है।
- पिछले एक दशक में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के बीच महिलाओं की श्रम बल भागीदारी में भारत ने सबसे तेज़ वृद्धि दर्ज की है।

10. भारत का सबसे बड़ा डेटा सेंटर कैंपस विकसित करने के लिए गूगल ने किसके साथ साझेदारी की है?

(A) अडानी एंटरप्राइजेज

(B) रिलायंस इंडस्ट्रीज

(C) वेदांता

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- अडानी, गूगल मिलकर भारत का सबसे बड़ा AI डेटा हब बनाएंगे
- अडानी एंटरप्राइजेज के संयुक्त उद्यम, अदानीकॉनेक्स ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारत का सबसे बड़ा डेटा सेंटर कैंपस विकसित करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की है।
- इस प्रोजेक्ट के लिए पाँच वर्षों में 15 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा।
- यह डेटा सेंटर प्रारंभ में 1 गीगावाट (GW) क्षमता पर कार्य करेगा, जिसे बाद में कई गीगावाट तक बढ़ाने की योजना है।
- यह 12 देशों में फैले गूगल के वैश्विक AI हब नेटवर्क का हिस्सा बन जाएगा।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान सरकार ने किस योजना के तहत एक नई पहल के रूप में "गिव अप" अभियान की शुरुआत की है?**

(A) मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

(B) महात्मा गांधी न्यूनतम आय गारंटी योजना

(C) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine